CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 77 ▫ रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सुकमा-बीजापुर सीमा पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जवानों ने 2 को किया ढेर, महिला का शव बरामद



**सुकमा,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बीजापुर. छत्तीसगढ़ के सुकमा-बीजापुर के सरहदी क्षेत्र में आज सुबह 7 बजे से पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जारी है. सुरक्षा बल के जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है. इनमें से एक महिला नक्सली है, जिसके शव के साथ ही जवानों ने मौके से 1 इंसास राइफल, गोला बारूद समेत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की हैं.

### बढ़ सकती है मृत नक्सलियों की संख्या

बता दें, 9 बजे से लगातार बीजापुर के डीआरजी और नक्सलियों के बीच फायरिंग चल रही है. सुरक्षा बल के जवान लगातरा क्षेत्र में सर्चिंग कर माओवादियों को मुंह-तोड़ जवाब दे रहे हैं. बैक-अप के लिए एक टीम भी रवाना हो चुकी है. ऐसे में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है.

## कांग्रेस नहीं चाहती थी कि पार्लियामेंट के भीतर बाबा साहब जैसा तेजस्वी व्यक्तित्व पहुंचे : लक्ष्मीकांत



### अम्बेडकर जयंती श्रृंखला में राज्य स्तरीय कार्यशाला

**रायपुर,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आगामी 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर पार्टी द्वारा आहूत कार्यक्रमों की श्रृंखला के मद्देनजर रखी गई राज्यस्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान को लेकर हम सबको मिलकर कार्यक्रम करना है। वाजपेयी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हमने देखा कि कांग्रेस के राहुल गांधी और इण्डी गठबंधन के लोग भारत के संविधान की किताब लहराकर कहते थे कि भाजपा को संविधान और आरक्षण विरोधी बताकर झूठा नैरेटिव सेट करने में लगातार लगे रहे।

भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आहूत इस कार्यशाला को सम्बेधित करते हुए वाजपेयी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम की श्रृंखला के दौरान हमें जिले मेंजो भाजपा के न हों, जिनमें डॉक्टर, वकील, शिक्षक, सहित विभिन्न वर्गों के साथ ही ऐसे व्यक्ति, जो अनुसूचित वर्ग का नेतृत्व करते हों, ऐसे व्यक्तियों के पास जाना है। यह अभियान 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा करते हुए वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा डॉ. अंबेडकर के साथ किए गए उपेक्षापूर्ण और अपमानजनक व्यवहार और भाजपा द्वारा उनके सम्मान में किए गए कार्यों को लेकर भी हमें इस दौरान बताना है। हमें अनुसूचित क्षेत्र के लोगों तक जाकर कांग्रेस द्वारा किए गए डॉ. अंबेडकर के अपमान एवं भाजपा द्वारा किए जा रहे सम्मान के बारे में बताना है। वाजपेयी ने कहा कि बॉम्बे प्रेसीडेंसी के चुनाव में बाबासाहब को कांग्रेस ने जीतने नहीं दिया, संविधान सभा के चुनाव में भी डॉ. अंबेडकर को हराया गया था, 1952 के लोकसभा चुनाव में उनको हराया गया और 1954 के भण्डारा के उपचुनाव में भी उनको हराया गया। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि पार्लियामेंट के भीतर बाबासाहब जैसा तेजस्वी व्यक्ति पहुंचे।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले राष्ट्रीय सम्मानों का राजनीति के आधार पर आकलन होता था लेकिन अब वास्तविक सुपात्रों को राष्ट्रीय अलंकारों से सम्मानित किया जा रहा है जो क्षेत्र में अग्रणी हैं, सेवा समर्पण त्याग आदि करने वाले हैं। एक ओर कांग्रेस ने बाबासाहब का दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं होने दिया, वहीं दूसरी ओर भाजपा की सरकार ने बाबासाहेब के उन स्थानों को पंच तीर्थ घोषित किया। वाजपेयी ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भारत रत्न का सम्मान दिया और उनका चित्र संसद के केंद्रीय कक्ष में भी लगवाया।

### अजा क्षेत्रों तक पहुँचकर कांग्रेस के कृत्यों का पर्दाफाश करें : बघेल

प्रदेश सरकार के मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि इस कार्यशाला के लिए कार्यक्रम तय किए गए हैं। यह पार्टी का कार्यक्रम है और बूथ स्तर एवं मंडल स्तर पर हम तक सबको जाना है।

### डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी चल रहे हैं : जांगड़े

भाजपा सांसद (जांजगीर-चाँपा) कमलेश जांगड़े ने कहा कि अभी हमारा 13 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक लगातार कार्यक्रम चलेगा। केंद्रीय कार्यशाला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र के बाद राज्य और राज्य के जिला व मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम किया जाएगा।

### भाजपा ने हर प्रकार से डॉ. अम्बेडकर के सम्मान में काम किया : मोहले

भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कई तरह से भेदभाव, अपमानों को सहा था।

### वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जन जागरण कार्यक्रम हर जिलों में : शर्मा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जन जागरण का कार्यक्रम भी चल रहा है। इस दृष्टिकोण से अप्रैल में प्रत्येक जिले में कार्यक्रम संपन्न होने हैं।

कार्यक्रम के संयोजक एवं विधायक (रायपुर ग्रामीण) मोतीलाल साहू ने बताया कि बाबासाहब अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल मनाई जाएगी। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला मुख्यालयों में होने वाली संगोष्ठियों में प्रदेश से जाने वाले वक्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष, अजा मोर्चा के सभी पदाधिकारी और डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह के जिला संयोजक उपस्थित रहे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### छात्रों से भरी बस का दुर्घटनाग्रस्त छात्रा की मौत, 23 लोग घायल

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (न्यूज चैनल)। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में उस वक्त मातम पसर गया जब छात्रों से भरी एक कॉलेज बस हादसे का शिकार हो गई। कॉलेज छात्रों को ले जा रही एक बस वोधपोरा इलाके में पलट गई। इस हादसे में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 23 अन्य छात्र बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि बस का ड्राइवर संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अचानक पलट गया। हादसे के तुरंत बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में घबराहट फैल गई।सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को फौरन हंदवाड़ा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल प्रशासन ने एक छात्रा की मौत की पुष्टि की है, जबकि बाकी घायलों का इलाज चल रहा है। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने हादसे को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है कि क्या तकनीकी खराबी या लापरवाही इसकी वजह बनी। हादसे की खबर जैसे ही छात्रों के परिवारों तक पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। यह हादसा एक बार फिर से सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने चार साल बाद पद छोड़ा

**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (न्यूज चैनल)।तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता हमेशा से ही राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के मुखर आलोचक रहे हैं और 2021 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभालने वाले भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी के अन्नामलाई भी इसके अपवाद नहीं हैं। उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान द्रमुक को लगातार निशाना बनाया। चार साल तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के बाद, अन्नामलाई शुक्रवार को राज्य के उन दस नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने प्रदेश में पार्टी नेतृत्व के लिए मौजूदा उपाध्यक्ष नयनार नागेंद्रन का नाम प्रस्तावित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय पर अन्नामलाई के लिए एक बड़ी भूमिका की परिकल्पना करती है। पुलिस अधिकारी से राजनीति में आए 40 वर्षीय अन्नामलाई को राज्य में अपनी 'एन मन एन मक्कल' (मेरी जमीन, मेरे लोग) यात्रा के लिए जाना जाता है। पार्टी की परंपरा के अनुसार, उनके पूर्ववर्ती और मौजूदा केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने 'वेल यात्रा' निकाली थी और अतीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री पोन राधाकृष्णन ने पूरे राज्य में 'थामराई यात्रा' निकाली थी।

## बाघ के हमले से महुआ बीन रहे युवक की मौत




**बीजापुर,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बाघ के हमले से महुआ बीन रहे युवक की मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह घटना कांदुलनार इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र की है. इसकी पुष्टि परिक्षेत्र अधिकारी ने की है. जानकारी के मुताबिक, बीजापुर जिले के ग्राम कांदुलनार निवासी 30 वर्षीय युवक सेपा कन्ना पर बाघ ने हमला किया है, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है.

## तहव्वुर राणा कहीं सुसाइड न कर ले ? एनआईए ने सेल में सख्त किया पहरा



**नई दिल्ली,** 12 अप्रैल (न्यूज चैनल)। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणाको राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मुख्यालय के भीतर एक अत्यधिक सुरक्षित सेल में आत्महत्या निगरानी के तहत रखा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने उसे आतंकवाद विरोधी एजेंसी को 18 दिनों की हिरासत में दे दिया है। 64 वर्षीय राणा से साजिश की गहरी परतों को उजागर करने के लिए गहन पूछताछ की गई क्योंकि एनआईए ने एक विशेष अदालत को बताया कि उसे संदेह है कि वह इसी तरह के बड़े पैमाने पर हमलों के साथ अन्य भारतीय शहरों को भी निशाना बनाने की योजना बना रहा था। राणा वर्तमान में 24/7 मानव और सीसीटीवी निगरानी में है।

सूत्रों के अनुसार, एक सूत्र ने कहा कि राणा को ग्राउंड फ्लोर पर 14×14 सेल में रखा गया है। उसे लिखने के लिए केवल सॉफ्ट-टिप पेन की अनुमति होगी ताकि वह खुद को नुकसान न पहुंचा सके। लोधी रोड पर एनआई मुख्यालय के पास बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहाँ राणा वर्तमान में बंद है। जांच एजेंसी द्वारा राणा से की जाने वाली पूछताछ में भारत में स्लीपर सेल के साथ उसकी संलिप्तता के अलावा आईएसआई के साथ उसके संबंधों, खासकर उसके सहयोगी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी से जुड़े लोगों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि हेडली पर राजस्थान के पुष्कर, दिल्ली, गोवा और देश भर के अन्य स्थानों पर स्लीपर सेल की भर्ती करने का संदेह है। एनआईए ने कहा कि आपराधिक षड्यंत्र के तहत आरोपी संख्या एक डेविड कोलमैन हेडली ने अपनी भारत यात्रा से पहले पूरी साजिश पर राणा से बात की थी। एनआईए ने अदालत को बताया कि संभावित चुनौतियों की आशंका से हेडली ने राणा को एक ईमेल भेजा था जिसमें उसके सामान और परिसंपत्तियों का ब्योरा था। एजेंसी ने साथ ही बताया कि हेडली ने राणा को इस साजिश में पाकिस्तानी नागरिकों इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान की संलिप्तता के बारे में भी बताया था। दोनों इस मामले में आरोपी हैं।

## महिला नगर सैनिक की हत्या, वारदात को अंजाम देकर थाने पहुंचा आरोपी पति



**गरियाबंद,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। गरियाबंद जिले में महिला नगर सैनिक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. कस्तूरबा हॉस्टल गरियाबंद में पदस्थ 32 वर्षीय महिला नगर सैनिक ओमिका ध्रुव की उनके ही पति सोहन साहू ने गला दबाकर हत्या की है. वारदात के बाद आरोपी पति पाण्डुका थाना पहुंचकर खुद मामले की सूचना पुलिस को दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका पर पति ने वारदात को अंजाम दिया है.

घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम फॉरेंसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रहे हैं. गले में नाखून के निशान है. थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. आरोपी पति और मृतका दोनों मुरमुरा गांव के हैं.

### दस साल पहले हुआ था लव मैरिज

10 साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था. दोनों के दो बच्चे भी हैं. पिछले एक सप्ताह से ओमिका अपने मां के घर रह रही थी. हास्टल ड्यूटी के बाद छुट्टी पर घर आई थी. आज ड्यूटी ज्वाइन करने पति के साथ बाइक से वापस जा रही थी. दोनों गांव से 10 किमी आगे पहुंचे थे, इसी बीच दोनों का विवाद हुआ. इस दौरान पति ने पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका को लेकर आए दिन दोनों में विवाद होते रहता था.

## गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक को बीच चौराहे नग्न कर पीटा



### 6 आरोपी हिरासत में

**सक्ती,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक को नग्न कर बीच चौराहे पर बर्बरता पूर्वक पीटा गया. इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है. वहीं पीड़ित युवक दलित होने के कारण पीटने की बात कह रहा है. फिलहाल पूरे मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है. अभी तक 6 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. पूरा मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है.

इस पूरे मामले में पुलिस जल्द ही खुलासा करने की बात भी कर रही है. खुलासे के बाद पूरा मामला स्पष्ट होगा कि आखिर इतने बर्बरता के साथ क्यों पिटाई की गई है. फिलहाल अभी तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार ग्राम बड़े रबेली में 8 अप्रैल की रात युवक गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था, जिसे घर के लोगों ने देख लिया और मारपीट की. इसका वीडियो भी सामने आया है. बहरहाल इस मामले में मालखरौदा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

## 'मैं चिकन ज्यादा खाऊंगा' इस बात पर दो सगे भाईयो में मारपीट, नुकीली चीज से हमला

**रायपुर,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। एक साधारण पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब चिकन बांटने को लेकर दो भाइयों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया. घटना 11 अप्रैल की शाम 6 बजे की है, जिसमें छोटे भाई साहिल मिरी उर्फ पिलू को गंभीर चोटें आईं और उसे अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने आरोपी भाई अजय मिरी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. इस मामले में दोनो भाईयों ने एक दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

रोजी-मजदूरी करने वाली एक मां ने गुढ़ियारी थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि वह 11 अप्रैल की काम से घर लौटीं. घर में उनके पति प्रेमचंद मिरी और दोनों बेटे- मंझला अजय मिरी और छोटा साहिल मिरी-चिकन बनाने की तैयारी कर रहे थे. इसी दौरान चिकन के बंटवारे को लेकर अजय और साहिल के बीच बहस शुरू हो गई. अजय ने कहा- यह मेरा चिकन है, मैं ज्यादा हिस्सा रखूंगा. इस बात पर साहिल ने आपत्ति जताई, जिसके बाद अजय ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी. गाली सुनकर साहिल ने अजय को रोकने की कोशिश की, लेकिन अजय गुस्से में आगबबूला हो गया. उसने अपने पास रखी एक नुकीली वस्तु से साहिल पर हमला कर दिया. अजय ने साहिल के बाएं कंधे के पास दो बार वार किया, जिससे साहिल के बाएं बाजू में चोटें आईं और खून बहने लगा. हाथापाई के दौरान अजय को भी चोटें आईं. मां और पिता प्रेमचंद ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक अजय मौके से भाग निकला. पुलिस ने अजय मिरी के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी और गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि अजय की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है. आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल का मुआयना किया गया है. पुलिस ने यह भी पुष्टि की कि दोनों भाइयों के बीच पहले भी छोटे-मोटे विवाद होते रहे हैं, लेकिन इस बार मामला हिंसक हो गया।

## युवक ने काटा खुद का गला, मौत

**जांजगीर चांपा,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। एक युवक ने अपने ही हाथ से अपना गला काट दिया. उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. यह घटना शुक्रवार रात की है. सिटी कोतवाली पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

जानकारी के मुताबिक, मृतक दीपक महंत पतोरा चौकी के गतवा गांव का रहने वाला है. परिजनों के मुताबिक, दीपक शराब पीने का आदी था और मानसिक रूप से कमजोर था. वह अपनी पत्नी के साथ कोरबा से कल ही शांति नगर जांजगीर में रहने वाले माता-पिता से मिलने पंहुचा था. पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंपा जाएगा.

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**रायपुर,** 12 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी के गंज थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस के अनुसार, तेलघानी नाका में शुक्रवार सुबह एक पेड़ से लटकी हुई लाश पाई गई. पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. अज्ञात व्यक्ति की हत्या की गई या यह मामला आत्महत्या का है, फिलाहल पुलिस जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक, घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. इस दौरान पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस मामले की जांच में सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है.




चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी कह रहे हैं कि मैं काशी का हूं और काशी मेरी है।

चुहिया- हां जी, हम लोग तो उनको गुजरात का समझ रहे थे...!

CMYK